
# कल तक शीतलहर, 22 से बादल छाये रहने की संभावना

## कांके सहित कई ग्रामीण इलाकों में ठंड का कहर ज्यादा

**कांके का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लगातार गिरते तापमान से लोगों को 22 दिसंबर के बाद थोड़ी राहत मिलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 22 दिसंबर से 25 दिसंबर तक राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। इस दौरान न्यूनतम तापमान में दो डिग्री तक की वृद्धि होगी लेकिन 25 दिसंबर के बाद फिर से तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार 21 दिसंबर तक राज्य में शीत लहर का असर देखा जायेगा। शीत लहर मुख्य रूप से राज्य के पश्चिमी हिस्से में चलेगी लेकिन इससे मध्य भाग भी प्रभावित होगा। इन हिस्सों की बात करें तो पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा जिला शामिल है। इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। शीतलहर का असर उत्तर पश्चिमी हवाओं के कारण होगा। हालांकि 22 दिसंबर तक दोहपर के समय धूप निकलेगी। जिससे लोगों को दिन के समय राहत मिलेगी लेकिन ठंडी हवाओं का असर बरकरार रहेगा। बता दें कि राज्य में न्यूनतम तापमान सात से 11 डिग्री से. के बीच चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में तापमान शहरी क्षेत्रों से दो से तीन डिग्री से. नीचे चल रहा है।

तापमान की बात करें तो कांके सहित कई ग्रामीण इलाकों में ठंड का कहर ज्यादा है। न्यूनतम तापमान लगातार पांच डिग्री सेसि से नीचे चल रहा है। कांके का तापमान सोमवार को चार डिग्री सेसि रिकॉर्ड किया गया। राजधानी का न्यूनतम तामपान 10.2 डिग्री सेसि रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 11.6 और डालटनगंज का 8.6 डिग्री सेसि रहा।

# धान अधिप्राप्ति केन्द्रों में जनसेवक प्रतिनियुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में रांची जिला के प्रत्येक धान अधिप्राप्ति केन्द्रों पर जनसेवकों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। विभागीय निर्देशानुसार उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की ओर से सभी 18 प्रखंड के 31 धान अधिप्राप्ति केन्द्रों में जनसेवकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इस संदर्भ में जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से उपायुक्त द्वारा प्रस्ताव मांगा गया था। धान अधिप्राप्ति केन्द्रों पर अधिप्राप्त किये गये धान का लेखा एवं अन्य सभी जिम्मेवारी प्रतिनियुक्त जनसेवक एवं कर्मी की होगी। सभी चयनित राइस मिल में एक-एक दण्डाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों द्वारा धान के मिलिंग कार्य का अनुश्रवण किया जायेगा। साथ ही प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी आवश्यकता अनुरुप नियमानुसार मिलर को धान उपलब्ध कराने तथा तैयार सीएमआर को गोदाम में जमा कराने के लिए संबंधित पक्षों से नियमित समन्वय स्थापित करने का कार्य भी करेंगे। सभी प्रतिनियुक्त जनसेवक एवं दण्डाधिकारी को तत्काल प्रभाव से अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर योगदान कर कार्यभार सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है।



# पहाड़ी मंदिर विकास समिति के मामले में नयी कमेटी को जवाब दाखिल करने का हाईकोर्ट ने दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पहाड़ी मंदिर विकास समिति को भंग करने संबंधी झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के आदेश को चुनौती देनेवाली याचिका पर सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में धार्मिक न्यास बोर्ड की ओर से शपथ पत्र दायर किया गया। साथ ही अंतरिम आदेश को लेकर दायर आइए याचिका पर सुनवाई कोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने पहाड़ी मंदिर की 11 सदस्य वाली नई कमेटी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई 11 जनवरी 2024 को होगी। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर अदालत को बताया था कि समिति को भंग करने का कोई कारण धार्मिक न्यास बोर्ड की ओर से नहीं दिया गया। पहाड़ी मंदिर विकास समिति को भंग करने के पूर्व बोर्ड से प्रस्ताव भी पारित नहीं कराया गया। बोर्ड के अध्यक्ष ने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर समिति भंग करने का आदेश जारी किया है, जो पूरी तरह से गलत है। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी पहाड़ी मंदिर विकास समिति की ओर से याचिका दायर की गयी है। प्रार्थी ने धार्मिक न्यास बोर्ड की नोटिस व नौ सितंबर 2023 के आदेश को चुनौती दी है।

# बेहतर कार्य कर रहे नमो : डॉ मिस्फीका हसन

## भाजपा नेत्री ने केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री मिस्फीका हसन ने दिल्ली में केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री जॉन बारला से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। अल्पसंख्यक महिलाओं के समग्र विकास, कौशल विकास और नेतृत्व विकास एवं शेरशाहबादी मुसलमान के विषय को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर चर्चा की। मौके पर डॉ हसन ने कहा कि मोदी सरकार की ओर से स्वच्छ मिशन, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, एलपीजी कनेक्शन, स्वास्थ्य सेवायें उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवायें और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का क्रियान्वयन राज्य सरकार की सहभागिता से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इसमें महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित है।

## गूंज महोत्सव के दूसरे दिन किसानों, पशु व कृषि सखियों को किया गया सम्मानित

# उन्नति के लिए कृषि के क्षेत्र में बड़े बदलाव की है आवश्यकता: सुदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली/रांची।** गूंज महोत्सव का दूसरा दिन किसानों को समर्पित रहा। महोत्सव में सिल्ली विधान सभा क्षेत्र के उत्कृष्ट किसानों को गूंज परिवार के संरक्षक सह विधायक सुदेश कुमार महतो ने प्रखंड के 75 उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित किया। महोत्सव के दौरान 22 किसानों के बीच 18 लाख 26 हजार रुपए का केसीसी वितरण भी किया गया। कृषि के क्षेत्र में एक अहम कदम उठाते हुए सिल्ली प्रखंड के झाबरी गांव को उन्नत कृषि विकास के लिए विभाग ने गोद लिया है जबकि प्रखंड के 25 किसानों को राज्य के बाहर कृषि उन्नति की जानकारी लेने के लिए परिभ्रमण के लिए चयनित किया गया।



### समृद्ध बाजार उपलब्ध कराना भी प्राथमिकता



सुदेश कुमार महतो ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में क्रांति और बदलाव की आवश्यकता है। आत्मनिर्भर किसान और आत्मनिर्भर झारखंड बनाने के लिए किसानों को तकनीकी रूप से प्रेरित करना और जोड़ना होगा। इसके साथ उनके लिए एक समृद्ध बाजार भी उपलब्ध कराना होगा। राज्य में उचित सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के चलते किसान चाह कर भी अपनी आमदनी नहीं बढ़ा पा रहे हैं। किसान जिन्होंने अपनी खेत छोड़ दिया है उन्हें वापस खेती की ओर लाना होगा।

**पशु और कृषक सखियों को भी मिला सम्मान :** महोत्सव में प्रखंड के 45 पशु सखियों और 55 कृषक सखियों को सम्मानित किया गया। इन पशु साखियों ने बकरी, मुर्गी पालन में तथा कृषि सखियों को जैविक खाद, सब्जी नर्सरी लगाने में सराहनीय योगदान दिया है। कार्यक्रम में जिला और पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मी थे।

### किसान मेला लगा

किसान महोत्सव के मौके पर कृषि मेला का आयोजन किया गया। इसमें किसानों ने अपने कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई।

### किसान गोष्ठी का आयोजन

किसान महोत्सव के मौके पर परिसर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें अलग-अलग गांवों से आए सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। कृषि वैज्ञानिक प्रदीप सरकार ने किसानों को जैविक खेती से बेहतर उत्पादन करने के तरीके बताए। स्थानीय प्रगतिशील किसान उमेश कोइरी ने भी जैविक खेती पर अपने अनुभव से किसानो को उत्पादन बढ़ाने की जानकारी दी।

# अभियंताओं को अतिरिक्त प्रभार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने अधीक्षण अभियंता प्रमोद कुमार को स्थानांतरित कर मुख्य अभियंता जेएसआरआरडीए रांची का स्वतंत्र प्रभार दिया है। वहीं राम प्यार प्रसाद को मुख्य अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग के पद पर पदस्थापित किया है। बाला प्रसाद चौधरी को अधीक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य अंचल रांची का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल हजारीबाग सुरेश प्रसाद को अधीक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य अंचल हजारीबाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मुख्य अभियंता के सचिव प्रावेधिक मनोहर कुमार को एसक्यूसी जेएसआरआरडीए के पद पर पदस्थापित किया गया है। प्रभारी एसई हजारीबाग, वर्मा दयाल राम को एसई कार्य अंचल गिरिडीह के पद पर पदस्थापित किया गया है। सोनेथ सोरेन, एसई कार्य अंचल दुमका को कार्यपालक अभियंता कार्य प्रमंडल रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में ग्रामीण कार्य ने अधिसूचना जारी कर दी है।

# सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की राज्य स्तरीय बैठक पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सिर्फ भाजपा ही है जो प्रकोष्ठ एवं हर तरह से कार्यकर्ता को जोड़ने का काम करती है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के माध्यम से झारखंड की समृद्ध संस्कृति के बारे में जनता को जागरूक करना है। गांव कस्बे में जो कलाकार हैं, उनको सामने लाना है। उन्होंने कहा कि राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता जन जन तक इस विरासत को पहुंचायें। प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अशेष बारला ने कहा कि झारखंड की समृद्ध संस्कृति दिनों दिन विलुप्त होते जा रही है, इसको संरक्षित रखते हुये समृद्ध बनाना है। बैठक में विशेष रूप से पद्मश्री जमुना टुडू उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुल इलाकों में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की अहम भूमिका है। बैठक में हजारीबाग के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में वनमाली महतो, अमित गुप्ता, आकाश सिन्हा, नारायण साहू आदि थे। कार्यक्रम में लोहरदगा निवासी नारायण साहू फिल्म निर्माता डायरेक्टर, प्रोड्यूसर को अंग वस्त्र देकर बाबूलाल मरांडी जी ने सम्मानित किया।

# 11 अधीक्षण अभियंता बने मुख्य अभियंता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने 11 अधीक्षण अभियंताओं (एसई) को मुख्य अभियंता (सीई) के पद पर प्रोन्नति दी है। राज्य में ऐसा पहली बार है, जब इतनी बड़ी संख्या मे अभियंताओं को चीफ इंजीनियर के पद पर प्रोन्नति दी गयी है। अधीक्षण अभियंता के पीबी-4 , 37,400-67,400, ग्रेड पे-6700 रिवाइज वेतनमान मैट्रिक्स लेबल 13 से प्रोन्नति देत हुए उन्हें पीबी 4-37400- 67000 ग्रेड पे-8900 रुपये में प्रमोशन दिया गया है। सभी प्रोन्नत अभियंताओं का पदस्थापन भी कर दिया गया है। अब सभी जगह नियमित चीफ इंजीनियर की नियुक्ति हो सकेगी, प्रभार व्यवस्था समाप्त होगी। सीएम हेमंत सोरेन की स्वीकृति के बाद पथ निर्माण विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

**इन्हें मिला प्रमोशन, इन विभागों को सेवा मिली :** नरेंद्र प्रसाद, सुदर्शन चौबे, जयप्रकाश सिंह, कृष्ण कुमार लाल, राकेश कुमार श्रीवास्तव, अविनाश कुमार दीपक, प्रमोद कुमार, रामप्यार प्रसाद, संजय कुजूर, सुशील कुमार हासंदा और पंकज कुमार शामिल हैं।

# प्रदेश महासचिवों को मिली जिम्मेवारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव व झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे के अनुमोदन उपरांत झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर द्वारा झारखण्ड प्रदेश में चल रहे संगठन सशक्तिकरण अभियान को गति देने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिवों को विभिन्न अग्रणी संगठनों, विभागों/प्रकोष्ठों एवं कार्य विशेष की जिम्मेवारी प्रदान की गयी है। विदित हो कि पूर्व में प्रदेश महासचिवों को प्रदेश के सभी जिलों में प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके तहत प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव अमूल्य नीरज खलखो को संगठन, आदिवासी कांग्रेस, एससी विभाग। राकेश सिन्हा को मीडिया विभाग, मदन मोहन शर्मा को प्रोटोकॉल एवं जवाहर बाल मंच, मानस सिन्हा को युवा कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, टेजनिंग लोकसभा चुनाव समन्वय नियंत्रण कक्ष। संजय पांडे को प्रदेश इंटक, एनएसयूआई, सेवादल, असंगठित कामगार कांग्रेस एवं पुष्पा कुल्लू को प्रदेश महिला कांग्रेस की जिम्मेवारी दी गयी है। साथ हीं साथ उक्त विभागों के अलावा अमूल्य नीरज खलखो को अन्य विभाग/प्रकोष्ठ का कार्यभार सौंपा गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रभारी प्रदेश महासचिवों को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे प्रदेश में संगठन सशक्तिकरण को गति प्रदान करते हुए पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से कार्य करने का निर्देश दिया है। साथ हीं साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पूर्व में नियुक्त जिला प्रभारी प्रदेश महासचिवों को झारखण्ड प्रभारी द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में संगठन सशक्तिकरण अभियान को बूथ स्तर तक संगठन की पूर्णता हेतु त्वरित गति से कार्य करने का निर्देश दिया है।

# सीसीएल में क्रिसमस गैदरिंग



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में मंगलवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी उपस्थित थे। इस अवसर विशेष पर निदेशक हर्ष नाथ मिश्र, बी. साईराम एवं पवन कुमार मिश्रा आदि सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने कहा कि जीसस क्राइस्ट का जीवन हमें एकता और समरसता का संदेश देते हुए सभी के प्रति दयालु होना सिखाता है। कार्यक्रम की शुरूआत कैंडल जलाकर की गयी। इस अवसर पर मुख्यालय के मसीह समुदाय के कर्मियों ने गीत-संगीत की प्रस्तुति दी।

# खुद को झारखंड का आइपीएस बताकर कोलकाता के व्यवसायियों के बीच कर रहा है लाइजीनिंग!

## डीजीपी से की शिकायत

### डीजीपी कार्यालय ने कहा, अजय अग्रवाल के नाम से नहीं है कोई आइपीएस

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** खुद को झारखंड का आइपीएस बताकर कोलकाता में रह रहे व्यवसायियों को लाइजीनिंग के बहाने ठगने का काम किया जा रहा है। जिस व्यक्ति पर आरोप लगाया जा रहा है, उसका नाम अजय अग्रवाल है। अजय अग्रवाल खुद को झारखंड का आइपीएस बता रहा है। जब व्यवसायियों ने अपने स्तर से छानबीन शुरू की कि अजय अग्रवाल झारखंड पुलिस में पदस्थापित है या नहीं, इसके लिए उनलोगों ने झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह से संपर्क साधा। जांच के बाद डीजीपी कार्यालय से व्यवसायियों को बताया गया कि इस नाम से कोई भी आइपीएस झारखंड में पदस्थापित नहीं है। डीजीपी ने व्यवसायियों की शिकायत पर अब अजय अग्रवाल की तलाश कर रही है। कोलकाता के एक व्यवसायी ने शिकायत पत्र में कहा कि अजय अग्रवाल खुद को आइपीएस अधिकारी बताकर कई व्यवसायियों से संपर्क कर रहा है। उन्हें सरकार स्तर से टेंडर, ऑर्डर दिलाने की बात कह रहा है। साथ ही वह फोन पर किसी अधिकारी से बात भी करता है और वहां धौंस जमा रहा है। जब व्यवसायियों की ओर से उसे कोई भाव नहीं दिया जा रहा है तो वह धमकी देने में उतर जा रहा है। इस संबंध में जब खबर मन्त्र ने तथाकथित आइपीएस से बात करना चाहा तो उसका मोबाइल नंबर स्वीच ऑफ था।

## वेस्ट डिस्पोजल से लेकर यूजर्स चार्ज तथा रीयूज पर मंथन

# लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट रूल रेगुलेशन का ड्राफ्ट तैयार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने शहरों में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर रूल रेगुलेशन का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। अब वेस्ट डिस्पोजल से लेकर यूजर्स चार्ज तथा रीयूज पर मंथन शुरू किया गया है। जल्द ही इसे धरातल पर उतारा जायेगा। यह बातें मंगलवार को होटल रेडिशन ब्लू में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर आयोजित एक स्टेक-होल्डर्स मीटिंग में शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार ने कही।

उन्होंने कहा कि अधिकांश नगर निकायों में या तो सिवरेज या फिर सेप्टेज की योजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है। उन्होंने देश के कई प्रतिष्ठित पीएसयू के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में कहा कि हमारी सरकार हर शहरी नागरिक के घर तक पाइपलाइन से शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि हमें प्राकृतिक संसाधनों को सशक्त बनाना है और इसके लिए री-यूज प्रणाली को अपनी जीवनशैली में अपनाना पड़ेगा। इसलिए जरूरी है कि हम उपयोग किये गये पानी को री-ट्रीट करके उसका उपयोग सेकेंडरी वाटर के रूप में करें। उन्होंने भारी उद्योग में उपयोग होनेवाले फ्रेश वाटर के जगह अधिक से अधिक ट्रीटेड वाटर के इस्तेमाल का आग्रह किया। मौके पर विशेषज्ञ वक्ता के रूप में यूएसऐड की ओर से लाइया डोमेनेक, आरके श्रीनिवासन इत्यादि मौजूद थे।




**स्टेकहोल्डर्स मीटिंग का आयोजन :** नगर विकास एवं आवास विभाग तथा यूनाइटेड स्टेट्स की संस्था यूएसऐड के संयुक्त तत्वावधान में एक स्टेक होल्डर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्टेक होल्डर्स के बीच राज्य सरकार की ओर से लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट और इसके रख रखाव तथा यूजर्स चार्ज पर बनाये गये एक ड्राफ्ट रेगुलेशन को रखा गया और सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों से उनकी राय मांगी गयी। मौके पर झारखंड सरकार के राज्य शहरी विकास अभिकरण, मेकॉन, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया, एनटीपीसी, यूएसऐड, जुडको, सुवासी, केपीएमजी, विश्व स्वराज सहित विभिन्न संस्थों के विशेषज्ञ शामिल हुए।

### कई शहरों में सीवरेज और सेप्टेज की योजनाएं

बताते चलें कि झारखंड के 49 नगर निकायों में हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाना है और उन शहरों में जहां सिवरेज सिस्टम विकसित हो रहा है वहां सभी को नि:शुल्क कनेक्शन देना है। जिन शहरों में सेप्टेज की व्यवस्था है वहां जरूरी संसाधन की खरीद कर देनी है, ताकि वो आवेदन और आग्रह पर सेवा दे सकें। झारखंड के गिरिडीह, चिरकुंडा और बुंडू में सेप्टेज प्रोजेक्ट कंप्लीट हो गये हैं, वहीं हजारीबाग और देवघर में भी सेप्टेज का काम जल्द पूरा हो जायेगा। इसके अलावे कई शहरों में सिवरेज व सेप्टेज की योजनाएं या तो शुरू हुई हैं या फिर टेंडर प्रक्रिया में हैं।

## हर तीन महीने पर रेरा की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश

# किफायती आवास योजना के तहत बन रहे आवासों का पूरा रिकॉर्ड रखेगा रेरा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के विभिन्न शहरों में भारत सरकार की ओर से किफायती आवास योजना (अफोर्डेबल हाउस स्कीम) बनाए जा रहे है। इसके तहत फ्लैट व आवासों का निर्माण कराया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट की क्वार्टर रिपोर्ट भी झारखंड रियल इस्टेट रेगुलेटरी ऑथोरिटी (झारेरा) की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया है, ताकि रेरा के पास भी इन आवासों का रिकॉर्ड उपलब्ध रहे। इसे लेकर सभी नगर निकायों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी जा चुकी है। साथ ही अपने एरिया में चल रहे प्रोजेक्ट को झारेरा में रजिस्टर्ड कराने के साथ ही उसकी डिटेल्स अपलोड करने का निर्देश दिया गया है। रेरा के अध्यक्ष रंजीत कुमार चौधरी और सदस्य बीरेंद्र भूषण ने कहा कि प्रोजेक्ट कोई भी हो उसका रजिस्ट्रेशन जरूरी है। वहीं क्वार्टर रिपोर्ट देना रेरा के एक्ट में है। इसलिए हर किसी को इसका पालन करना होगा।

### रांची में भी बना है 1008 फ्लैट



राज्य के सभी नगर निकायों में अफोर्डेबल हाउस स्कीम के तहत फ्लैट बनाए जा रहे हैं। वहीं रांची में भी लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत 1008 फ्लैट का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अलावा भी जी प्लास 4 और हाइ राइज बिल्डिंग का निर्माण भरत सरकार की योजनाओं के तहत किया जा रहा है। लेकिन इनका रिकॉर्ड रेरा के पास नहीं है। अब सरकारी योजना के तहत बनाए जा रहे फ्लैटों का रिकार्ड नगर निकायों को झारेरा को उपलब्ध कराना है। वहीं, प्रोजेक्ट को रजिस्टर्ड कराते हुए उसकी अपडेट स्थिति भी उपलब्ध कराने को कहा गया है, ताकि फ्लैट के खरीदारों को प्रोजेक्ट में देर होने की स्थिति में उसका लाभ दिलाया जा सके।

स्पीड न्यूज

## पश्चिम तारूप से एक बच्चे की मां लापता




**रातू।** थाना क्षेत्र के पश्चिम तारूप से 17 दिसंबर की दोपहर एक बच्चे की मां 29 वर्षीया नीतू तिर्की रहस्यमय ढंग से लापता हो गयी है। उसका मोबाइल भी बंद है। वह साप्ताहिक बाजार जाने के लिये घर से निकली और अब तक वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला। इसे लेकर परिजन हलकान हैं। वहीं 7 साल के पुत्र आकर्षित उरांव का रो-रोकर बुरा हाल है। नीतू मांडर के टटकुंदो निवासी लखन उरांव की पुत्री है। मामले को लेकर उसके पति ने रातू थाने में उसकी गुमसुदगी का सनहा दर्ज कराया है। पुलिस उसे ढूंढने में जुट गयी है।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

## मूरगु पुल के निकट सोमवार देर रात हुई दर्दनाक दुर्घटना





खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** थाना क्षेत्र के मूरगु पुल के निकट सोमवार देर रात सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। जानकारी अनुसार दोनों युवक खलारी, डकरा के खूंटी टोली का रहने वाले थे। वह पल्सर मोटरसाइकिल से रात करीब नौ बजे रांची के लिए निकले थे। इसी दौरान मुरगु के निकट डायवर्सन के निकट लगभग 20 फीट गड्ढे में गिर गए और दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सुबह जब इसकी जानकारी मांडर पुलिस को हुई तो दोनों के शव को लेकर पहले थाना पहुंचे। बाद में शवों की पहचान डकरा निवासी विनीत तुरी एवं कारण तुरी के रूप में की गई। विनीत तुरी (20 वर्ष) विनोद तुरी का पुत्र था जो रांची के आईटीआई का छात्र भी था। जबकि कारण तुरी (21 वर्ष) स्व कृष्णा तुरी का पुत्र था। करण तुरी चार बहनों में इकलौता भाई था। वह बाहर में कहीं काम करता था। इसकी सूचना जब स्वजनों को मिली तो जैसे उन पर पहाड़ टूट पड़ा। डकरा के खुंटीटोली में दो युवकों की दुर्घटना में आकस्मिक मौत की खबर सुनकर पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। बाद में मांडर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए दोनों शव को रिम्स भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार देर शाम मानकी सफही नदी में कर दिया गया।

## तेज रफ्तार कार ने करांजी में चार को रौंदा, रिम्स रेफर

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर करांजी पेट्रोल पंप के समीप में मंगलवार को लगभग पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे एक बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़े तीन किशोर सहित व एक दिव्यांग बुजुर्ग को रौंद दिया। घायलों में 9 वर्षीय दिलशाद अंसारी पिता मुखसाद अंसारीए 10 वर्षीय छोटू अंसारी उर्फ शाहिद पिता मकसूद अंसारीए 14 वर्षीय शाहिद अंसारी पिता शमीम अंसारी करांजी गांव निवासी और 55 वर्षीय दिव्यांग बिग्गा तिर्की कुदारखो गांव निवासी के रूप में हुई। जिन्हें ग्रामीणों ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा सुमन ने प्राथमिक उपचार करते हुए सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। इधर घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार रांची की ओर से लोहरदगा की ओर तेज रफ्तार में जा रहें कार ने सड़क किनारे धूप ताप रहे किशोर व दिव्यांग को रौंद दिया। जिसमें दिलशादए छोटू व शहीद के पैर टूट गया। इधर घटना के बाद आक्रोशित गांव के कुछ लोगों ने आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना को लेकर सड़क पर उतर कर विरोध जताया। वही ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग किया कि करांजी पेट्रोल पंप के समीप ब्रेकर बनवा दिया जाए। जिससे इस स्थान पर आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना पर रोक लगाया जा सके।

## विवादित जमीन की जुताई करने पर हुई थी दो पक्षों में मारपीट

**मांडर।** थाना क्षेत्र के कनभीठा गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। रविवार शाम हुई इस घटना में कुल चार लोग घायल हुए थे। घायलों में भवानी उरांव 35 वर्ष, नाया उरांव 35 वर्ष, सोमे उरांव 29 वर्ष व सुनील उरांव 34 वर्ष शामिल हैं। इनमें से भवानी को मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया है जहां से ईलाज के बाद रात में उसे छुट्टी दे दी गई थी। बताया जाता है कि गांव की एक जमीन को लेकर गांववालों व नाया उरांव के परिवार के बीच पुराना विवाद है। आज उसी जमीन पर नाया उरांव ट्रैक्टर लेकर जुताई करने गया था। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और दोनों पक्षों में मारपीट हो गयी। इसके बाद नाया के घर में तोड़फोड़ की और वहां रखे पुआल को जला दिया। साथ ही नाया के परिजनों के अनुसार खेत में लगी आलू, गन्ना की फसलों को भी बर्बाद कर दिया।

## सुनील की हैट्रिक से सावना लकड़ा एफसी नामकुम क्वार्टर फाइनल में



**सिकिदिरी।** स्वर्णरेखा फुटबाल क्लब सिकिदिरी द्वारा आयोजित 10वीं सद्भावना चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट में सावना लकड़ा एफसी नामकुम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। मंगलवार को सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में खेले गए एकतरफा मुकाबले में नामकुम ने सुनील लोहार के हैट्रिक गोल की बदौलत बीपीएसएस दुबलिया को 3-0 से हराया। नामकुम के सुनील लोहार ने 15वें, 56वें व 59वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को जीत दिला दी। मुख्य अतिथि जल विद्युत परियोजना के परियोजना प्रबंधक विनय अंगिरा व विशिष्ट अतिथि कार्यपालक अभियंता संजय सिंह ने नामकुम के सुनील लोहार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। संचालन शिवधर रजवार ने किया। विनय अंगिरा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। मौके पर मुखिया राजेंद्र बेदिया, विधायक प्रतिनिधि अजगूत, समाजसेवी महावीर भोगता, चरण मुंडा मुख्य संरक्षक कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, संरक्षक फारुक खान, अध्यक्ष राजेश पाहन, सचिव प्रकाश कुमार यादव, गुलफाम आलम, दूतीलाल रजवार, मनोज पाहन आदि उपस्थित थे।

## रेलव साइडिंग के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर समीक्षा

**खलारी।** एनके एरिया व पिपरवार रेलवे साइडिंग राजधर लाइन संबंधित रैयतों की भूमि समस्याओं का समीक्षा के लिए सीसीएल दरभंगा हाउस से सीसीएल सलाहकार उदय प्रताप खलारी अंचल कार्यालय पहुंचे। इस दौरान अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्या से मुलाकात कर अंचल संबधित में एनके एरिया के जामुन दोहर करकट्टा विश्रामपुर सहित अन्य जगहों का एनके एरिया में अधिग्रहित जमीन अथवा राजधर रेलवे साइडिंग में रैयतों के भूमि अधिग्रहण व मुआवजा से संबधित समस्याओं का समीक्षा किया गया।

## धान अधिप्राप्ति केंद्र खोलने की मांग

**ओरमांझी।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा राज्य सरकार से धान अधिप्राप्ति केंद्र जल्द खोलन की मांग की की गई है। मंगलवार को किसान मोर्च अध्यक्ष कामेश्वर महतो के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम धान अधिप्राप्ति केंद्र जल्द खोलने को लेकर एक ज्ञापन सीओ नितिन शिवम गुप्ता को सौंपा गया। कामेश्वर महतो ने राज्य सरकार द्वारा अभी तक धान अधिप्राप्ति केंद्र नही खोलने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा धानकटनी शुरू हो गई है। जल्द धान अधिप्राप्ति केंद्र नहीं खुला तो कर्ज लेकर खेती करने वाले किसानों को अपना कर्ज चुकाने मजबूर होना पड़ेगा। बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति का समर्थन मूल्य 21.83 रुपया और राज्य सरकार 1.17 रुपया बोनस देने की घोषणा की है।

# प्लस टू स्कूल चिलदाग का मना वार्षिकोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** प्लस टू विद्यालय चिलदाग में मंगलवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि एसएसबी 26 बीएन के द्वितीय कमान अधिकारी सचिन कुमार जागुवार मारक दस्ता के कमांडर एमडी कौशर अली विद्यालय के प्राचार्य संगीता रवि पूर्व प्राचार्य अवनिंद्रा सिंह, वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्रा, टूल रूम के निदेशक महेश कुमार गुप्ता स्पर्श हॉस्पीटल के सचिन राज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मौके पर मुख्य अतिथि एसएसबी के अधिकारी सचिन कुमार ने कहा कि मैं यहां आकर काफी अभिभूत हूं। छात्र छात्राओं के संस्कार और उनकी कला को देखकर छात्र-छात्राओं ने अपनी कलाओं को जिस तरह से जिया है वह काफी सराहनीय है। कहा कि लक्ष्य को बनाएं और अनुशासन के साथ उसकी प्राप्ती करें। पूर्व प्राचार्य अवनिन्द्र सिंह ने कहा कि मैं अपने अधूरे सपनों को पूरा होते देख रहा हूं। कार्यक्रम में पंस सदस्य अनीशा खातुन मुखिया दुर्गा पहान रब्बानी राज अजय महतो मनोज चौधरी ग्राम प्रधान श्रीनाथ मुंडा सोने लाल चतुर महतो विनोद कुमार अमन सोनी देवी ताईकान्हो शिक्षक शकील जी उपस्थित थे।



### स्कूल के टॉपर हुए पुरस्कृत

कार्यक्रम में विद्यालय के टॉपर को पुरस्कृत भी किया गया। इस साल का सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का पुरस्कार शिक्षिका किरण और श्रेया को दिया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों को को सम्मानित भी किया गया। नीरज कुमार नेरानल अंडर 19 फुटबॉलर नीरज कुमार की भी सम्मानित किया गया समारोह का संचालन शिक्षक चन्दन चौधरी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य संगीता रवि ने किया राष्ट्रीय गान के साथ समारोह का समापन हुआ।

एक नजर में

## कार्यकर्ताओं के परिजनों से मिले राजा पीटर



**तमाड़।** विधानसभा क्षेत्र बुंडूए अड़की और तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर अपने शुभचिंतको से मिल कुशलक्षेम पूछा। राजा पीटर अपनी पत्नी आरती जायसवाल के साथ अपने खास लोगों के घर पहुंच कर उनका हाल.चाल ले रहे हैं। इस बीच कोरोना काल में या अन्य कारणों से बीते कई वर्षो में दिवंगत हुए कार्यकताओं के घर जाकर उनके परिजनो से भी मिले। वही क्षेत्र में अपने चहेते नेता को कई वर्षो के बाद सामने देख गदगद हुए।

## जय गुरुदेव आश्रम के सदस्यों ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**बेड़ो।** जय गुरुदेव आश्रम के सदस्यों ने तीन प्रखंडों में मंगलवार को मांडर लापुंग व बेड़ो प्रखंड के 24 गांवों में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। इस दौरान सदस्यों ने जरियाडीह कटर माली टेंगरिया नहरटोली दरहाटांड़ एसरनाटोली पीपर टोली मासू मुड़ामू गड़गांव बेड़ो डूमरटोली पुरियोए कठर टोलीए विसाहा खटंगाए दजीर्जाड़ीए महुआजाड़ीए जोल्हाटोली नवा टोलीए ददगो ए बलांदुएचपा टोलीए दरंदाए तेतराएनदी टोली आदि गांवों में कंबल का वितरण किया। मौके पर बेड़ो संगत के सदस्य जन्मेजय महतो प्रकाश सोमरा बैजनाथ सिंधु शामिल थे।

## कम कीमत पर गैस सिलेंडर देकर भाजपा जनता को ठगती है : सुंदरी तिर्की



**अनगड़ा।** अनगड़ा डाक बंगला में प्रखंड कांग्रेस की बैठक प्रखंड महिला अध्यक्ष सरिता देवी की अध्यक्षता में हुई। मौके पर मुख्य अतिथि सुन्दरी तिर्की ने कहा कि मोदी सरकार में मंहगाई चरम पर है। चुनाव के समय महिलाओं को गैस सिलेंडर देकर उन्हें ठगने का काम किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी में सभी को जुट जाना है। मौके पर प्रखंड प्रभारी मीनु सिंह, मण्डल अध्यक्ष बरतु मुण्डा, शहनाज खातुन, शिवदास गोस्वामी, पंसस शीला देवी, ममता देवी, यशोदा देवी, रेशमी देवी, सविता देवी, मनीशा, दीपिका देवी, संगीता, कलावती देवी, रेखा देवी, करमी देवी, कनिष्ठा एक्का, मंजू कुमारी, मुमताज खान, शमसाद अंसारी, शफीक अंसारी, बाली महली उपस्थित थे।

## आदिवासी डीलिस्टिंग उलगुलान महारैली को लेकर बैठक

**अनगड़ा।** 24 दिसंबर को उलगुलान आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली को सफल बनाने को लेकर मगंलवार को महारैली के संयोजक सदीप उरांव के नेतृत्व में नामकुम और अनगड़ा के भाजपा नेताअं ने संयुक्त रूप से अनगड़ा में जन सम्पर्क अभियान चलाया और गोंदली पोखर में मीक्षा बैठक की। बैठक में कहा गया कि महारैली मे भारी संख्या में अपने हक-अधिकार को सुरक्षित रखने तथा आदिवासी से दूसरे धर्म ईसाई और इस्लाम धर्म अपना लेने वालों को आदिवासी सूची से बाहर करने की मांग को लेकर भारी संख्या में लोग शामिल होंगे। बैठक में क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव मीडीया प्रभारी सोमा उराव प्रावद संयोजक अजय सिंह भोक्ता पूर्व विधायक रामकुमार पहान विनोद कुमार प्रमोद सिंह गोरखनाथ सिंह समीर राय उमाकात राय बिरसा मिंज रामसाय मुंडा सुनील महतो सिकंदर अंसारी जलेश महतो राजेन्द्र महतो इत्यादि उपस्थित थे।

# इटकी : ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंप कहा, शहीद के परिजनों के सम्मान को पहुंचाया जा रहा ठेस

## इटकी प्रखंड प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी साहेब मोड़ स्थित महात्मा गांधी चौक पर शहीद सैनिक के बनाये जा रहे स्मारक का पेंशनर समाज द्वारा आपत्ति जताये जाने पर ग्रामीणों ने इटकी प्रखंड प्रशासन को एक ज्ञापन सौंप कर शहीद के परिजनों के सम्मान को ठेस पहुंचाने की बात कही है। ज्ञापन में कहा गया है कि इटकी प्रखंड के ग्रामीणों द्वारा जन सहयोग से शहीद सैनिक का स्मारक निर्माण कराया जा रहा है। उक्त भूमि को इटकी अंचल द्वारा भी चिन्हित किया गया है। जिसका राज्य पेंशनर समाज इटकी इकाई द्वारा विरोध किया जा रहा है। विदित हो कि पेंशनर समाज के 21 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल द्वारा इटकी पुलिस व प्रशासन को एक लिखित आवेदन देकर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा था कि महात्मा गांधी चौक का निर्माण पेंशनर समाज द्वारा वर्ष 2017 में की गयी थी। जिस पर अब तक स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराया जाता रहा है। शहीद स्मारक स्थल बन जाने से गांधी चौक का आस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। इस संदर्भ में इटकी बीडीओ, सीओ व थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंप कर गांधी चौक पर शहीद स्मारक बनाये जाने पर पेंशनर समाज की ओर से किसी भी तरह का कोई कार्यक्रम नही किये जाने की सूचना दी गयी है।

# आउटसोर्सिंग कंपनियां रैयतों को रोजगार दे नहीं तो होगी पूर्ण बंदी

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक मंगलवार को डकरा अंबेडकर पार्क में किया गया। बैठक में एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि एनके एरिया के निजी कंपनियों एव आउटसोर्सिंग कंपनियो में रैयत विस्थापितो को रोजगार देने मांग पर महाप्रबंधक के साथ वार्ता हुई थी। लेकिन कोई नतीजा नही निकल पाया है। मोर्चा ने कहा कि प्रबंधन ने कई बार आश्वासन दिया है लेकिन आजतक कोई ठोस पहल नही किया गया है। इसलिए एनके एरिया के निजी कंपनियों एव ट्रांसपोर्टिंगएआउटसोर्सिंग कंपनियो का काम पूरी तरह ठप करा दिया जाएगा। मौके पर रंथू उरांव जगरनाथ महतो रामलखन गंझू नरेश गंझू विनय खलखो अमृत भोगता प्रभाकर गंझु प्रकाश महतो धनराज भोगता शिवनारायण लोहरा रामधारी गंझू कमलेश तुरी अशोक राम सुनील यादव श्यामजी महतो सलामत अंसारी आजाद अंसारी वीरू सिंह कीनू गंझू तौहीद अंसारी रविन्द्र यादव संतोष यादव मौजूद थे।



## बीडीओ ने किया अबुआ आवास योजना के आवेदकों का सत्यापन

**खलारी।** आपकी योजना आपकी सरकार .आपके द्वार कार्यक्रम में लोगो का अबुआ आवास योजनाओं जमा फार्म का सत्यापन खलारी प्रखंड में तेज हो गया है। क्षेत्र में प्रखंड के पदाधिकारियों द्वारा सत्यापन किया जा रहा है। अधिकारियों ने लोगो के द्वारा जमा किया गया अबुआ आवास योजना फार्म का सत्यापन किया।

# राज्यपाल के स्वागत को माउंट कार्मेल स्कूल के बच्चे उत्साहित

## मांउट कार्मेल स्कूल का रजत जयंती समारोह कल

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के मांउट कार्मेल स्कूल का स्थापना दिवस रजत जयंती महोत्सव 21 दिसंबर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम में बतौत मुख्य अतिथि झारखंड के महामहीम राज्यपाल सीसी राधाकृष्णन पहुंचेंगे। इस अवसर पर विद्यलय के दो हजार स्कूली बच्चे कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। राज्यपाल की स्वागत व महोत्सव को लेकर बच्चों में काफी उत्साह है। छात्र-छात्राओं के साथ सभी शिक्षकों द्वारा इसकी तैयारी की जा रही है। विद्यालय के बच्चों की बैंड टीम विशेष तैयारी कर रहे हैं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्कूल के निदेशक फादर मैथ्यू व प्राचार्य सिस्टर ब्रिजिट ने बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची के आर्च बिशप फेलिगन टोप्पो करेंगे। वहीं महोत्सव में राज्यपाल के अलावे विषिष्ट अतिथि रांची उप महापौर संजय विजय वजयवर्गीय, केराला व उड़िसा के प्रोविंशियल ओसीडी फादर पीटर, सिस्टर रीता के अलावे ओरमांझी के प्रमुख अनुपमा देवी, सीओ नितिन शिवम गुप्ता, बीडीओ विजय कुमार, थाना प्रभारी आलोक सिंह सहित कई गणमान्य अतिथियों के साथ हजारों की संख्या में अभिभावक व स्थानीय लोग उपस्थित होगें।



## बाघवार अकादमी ने सच्चिदानंद ज्ञान भारती को 10 रन से हराया

**चान्हो।** बाघवार अकादमी की टीम ने रोमांचक मुकाबले में मंगलवार को सच्चिदानंद ज्ञान भारती स्कूल को 10 रनों से पराजित किया। गोल चक्कर मैदान धुर्वा सेक्टर 2 रांची में खेले जा रहे वेंचर स्किल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट यह मैच राँची ज़िला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में कराया जा रहा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बाघवार अकादमी की टीम ने अपने निर्धारित 35 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर166 रन बनाए । इस टीम के बल्लेबाज आदर्श राज ने अपनी टीम के लिए 49 रन बनाए तथा अभय महली ने 35 रनों का योगदान दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी सच्चिदानंद ज्ञान भारती स्कूल की टाइम शुरू से ही लड़खडा गई। स्इस टीम के आशीष कुमार 45 रन तथा प्रिंस कुमार 36 रन बनाए। इनके अलावा कोई बल्लेबाज दहाई अंक पर नहीं कर सका। गेंदबाजी में भी बाघवार एकेडमी चान्हो की टीम का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा इस टीम के ऑलराउंडर आदर्श राज ने 7 ओवरों में 26 रन देकर चार विकेट प्राप्त किया तथा हर्षित नयन ने सात ओवरों में 29 रन देकर तीन विकेट प्राप्त किया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी।
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(तृतीय कॉल)

निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 1133 दिनांक– 19.12.2023

1. विज्ञापनदाता का नाम एंव पता : कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक– 27.12.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय : दिनांक– 28.12.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एंव समय : दिनांक– 28.12.2023 के अपराह्न 3:30 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थल : (i) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय,पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण हॉस्टल, प्रथम तल्ला,धुर्वा, रॉची। (ii) अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, रॉची। (iii) कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी।
6. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान: क्रमांक 5 में उल्लेखित कार्यालय में क्रमांक 2, 3 एवं 4 में अंकित तिथि एवं समय अनुसार।।
7. कार्य की विवरणी –

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | सिसई–लांपुग–डोरमा पथ के 12वें कि0मी0 में 2.50 मीटर ऊँचा, 150 .0 मीटर लम्बाई में Retaining wall निर्माण कार्य। | 49,55,460.00 | 1,00,000.00 | 5000.00 | दो माह |
| 2. | दलभंगा (सोनाघाटी) से का रवा पथ के कि0मी0 0 .00 से कि0मी0 13 .375 तक साधारण मरम्मति कार्य। | 24,98,961.00 | 50,000.00 | 5000.00 | दो माह |

1) निविदा की शर्ते सूचना पट पर देखा जा सकता है।
2) प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट – बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।
3) कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबंधन प्रमाण पत्र, GSTIN से संबंधित प्रमाण पत्र की सुस्पष्ट छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
4) PWD कोड में संशोधन के फलस्वरूप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
5) पथ प्रमण्डल, खूँटी अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 गैर योजना मद अंतर्गत अपूर्ण कार्य करने वाले संवेदकों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, खूँटी

PR 313789 Road(23-24)D

# गरीबों की सेवा से मिलती है आत्मसंतुष्टि : सुमित राज

## एनसीसी कैडेटनो ने सुदूरवर्ती गांव में किया सेवा कार्य



कार्यक्रम में शामिल एनसीसी कैडेट और छात्रगण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** आरटीसी आईटी आनंदी के एनसीसी-3 झारखंड बटालियन के कैडेटों द्वारा मंगलवार को प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव हेंदेबिली गांव में गरीब व जरूरतमंदों को ठंड और गर्मी के मौसम के अनुरूप कपड़े वितरण किया। बताया गया कि सभी को दो-दो सेट कपड़े दिए गए। मौके पर उपस्थित एमडी सुमित राज ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मदद की जरूरत है। गांव के काफी लोग कपड़े लेने पहुंचे थे। कपड़ा लेने के बाद गरीब बच्चे, युवाओं के साथ वृद्धों की आंखों में खुशी की चमक कैडेट के छात्र-छात्राओं को आगे भी सेवा कार्य करने की प्रेरित करेगी। वहीं निदेशक एपी सिंह ने जितने लोग पहुंचे सुनिश्चित किया कि सभी को कुछ न कुछ मिले। आरटीसी आईटी के एनसीसी कैडेटों द्वारा प्रत्येक वर्ष विभिन्न प्रकार के गतिविधियां की जाती है। इस वर्ष का यह अंतिम कार्यक्रम था। आगामी वर्ष में भी इस प्रकार के कार्यक्रम जारी रहेंगे। कार्यक्रम में डीन बलराम सिंह, प्रधानाचार्य इकबाल राशिद के साथ एएनओ आस्था प्रिया, नंदकिशोर मुंडा, महेंद्र महतो, सुनील महतो शामिल थे।

## डैम किनारे ठिठुरते लोगों को मिला गर्म कपड़ा

**ओरमांझी।** इस ठंड में डैम किनारे रहने वालों को कनकनी हवा ज्यादा परेशान कर रही है। ऐसे में रुक्का जलशोध संस्थान में कार्यरत अहमदाबाद गुजरात की एक्वाफिल पॉलिमर कंपनी द्वारा प्रखंड क्षेत्र के रुक्का व करमा के लोगों के बीच गर्म कपड़े का वितरण किया गया। इसे लेकर मुगलवार को गांव में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रुक्का जलशोध संस्थान के पूर्व कनीय अभियंता बिपिन कुमार ने गांव के बच्चों व युवा-युवतियों को गर्म कपड़े और वृद्धों को कंबल प्रदान किया और ठंड में गरीबों की मदद करने पर कंपनी की सरहाना भी किया। कहा कि डैम किनारे रहने वाले गांव-बस्ती के लोगों को ठंड में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कंपनी के दीपक ठाकुर ने कहा कि रूक्का आते-जाते गरीबों को ठिठुरता देखकर उन्हें मदद करने का विचार आया। जरूरतमंद गरीबों को मदद कर आत्मिक संतुष्टि मिलती है। कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी मणिनाथ सिंह, नागेश्वर सिंह, मनेश्वर महतो, मनोज सिंह, दीपक सिंह, श्रवण सिंह, राजकुमार महतो, दिलीप महतो, कृष्णा महतो, दिवाकर सिंह, मंतोष सिंह व राजकुमार सिंह सहित स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भी सरहाना करते हुए अभार जताया गया।

## स्पीड न्यूज

### खान सुरक्षा सप्ताह की तैयारी जोरों पर

**लोहरदगा।** 61वां खान सुरक्षा सप्ताह को लेकर बगडू हिल बॉक्साइट माइंस खनन क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर है। खान सुरक्षा सप्ताह को लेकर खान प्रबंधक राजकुमार सिन्हा की अगुवाई में एक कमेटी भी गठित की गयी है। झंडोत्तोलन उपरांत खान प्रबंधक राजकुमार सिन्हा ने कहा कि 61वां सुरक्षा सप्ताह की तैयारी पूरी हो चुकी है सुरक्षा सप्ताह के लिए जन जागरूकता अभियान चलायी जा रही है। ताकि खनन कर्मियों में जागरूकता बढ़े। साथ ही कर्मियों में भी जागरूकता आयोजित कर तथा सुरक्षा के प्रति लोगों को प्रेरित कर माइंस सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोग नाराज

**भंडरा।** लगातार ठंड के बावजूद प्रशासन ने अभी तक अलाव की वयवस्था नहीं की है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका कहना है कि प्रतिवर्ष ठंड में प्रशासन अलाव की व्यवस्था भंडरा थाना मोड़, भौरो मोड़, आकाशी रेलवे स्टेशन, चट्टी चौक में कर ग्रामीणों को ठंड से राहत दिलाता था। पर इतनी ठंड के बावजूद अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### खलिहान में लगी आग, धान की गांज राख

**घाघरा।** प्रखंड के देवाकी खपराटोली में प्रदीप उरांव के धान गांज में मंगलवार को दिन 12 बजे अचानक आग लगने से धान गांज जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों के सहयोग से अन्य 5 गांज जलने से बचाया गया। प्रदीप उरांव ने बताया कि वे लोग सामूहिक रूप से धान गांज को देवाकी खपराटोली स्थित फुटकल टांड़ में रखे थे। दिन 12 बजे आग जलता दिखा। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 5 गांज को बचाया जा सका।

### अयोध्या से आये अक्षत का वितरण

**गुमला।** संघ कार्यालय परिसर में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण हेतु अयोध्या धाम से आये अक्षत का वितरण गुमला जिला के प्रखंडों में किया गया। निर्देश दिया गया कि सभी प्रखंडों के मंदिरों में अक्षत की पूजा हो। साथ ही श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की हर हिंदू समाज के घरों तक यह जानकारी पहुंचे। अक्षत, राम चरित्र, पत्रक देकर श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निमंत्रण देना है। लेकिन 27 जनवरी के बाद ही अयोध्या में रामलला का लोग दर्शन कर पायेंगे। 22 को हनुमान जी की जन्म स्थली आंजन धाम में भी यज्ञ और भंडारा, कीर्तन भजन किया जायेगा। बैठक में संघ प्रचारक अजय जी, धर्म रक्षक सतनारायण चंदेश्वर स्वामी, कारसेवक बिरसा दास, बुधराम सिंह, गोविंद सिंह, केशव चंद्र साय, मुकेश सिंह, अजय सिंह राणा, कर्पूरी ठाकुर, मनोज वर्मा, मनीष बाबु, रविन्द्र सिंह, अशोक सिंह, जय कुमार सिंह, अनूप लाल, यशराज सिंह, मनोज कुमार, रामसागर चीक बड़ाइक, गौतम प्रसाद, अशोक सिंह भी थे।

### राष्ट्रीय स्कूली गेम में गुमला के अनीत उरांव ने झारखंड को दिलाया स्वर्ण पदक

**गुमला।** लखनऊ में आयोजित 67वीं नेशनल स्कूली गेम्स 2023 में एथलेटिक्स के 4 आयु वर्ग में आवासीय एथलेटिक्स बालक प्रशिक्षण केंद्र परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला के प्रशिक्षु अनीत उरांव ने 80 मीटर बाधा दौड़ में 11:31 सेकेंड समय के साथ गोल्ड पदक जीता। ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता में ही 100 मीटर दौड़ में 11:71 सेकेंड के साथ कांस्य पदक झारखंड दिलवाया था। बताते चले कि खेल विभाग द्वारा संचालित आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के अनीत उरांव ने इस वर्ष राष्ट्रीय जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में ट्रायलथन में भी सिल्वर पदक व 60 मीटर दौड़ में कांस्य जीत चुका है। इस उपलब्धि पर पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक सुशांत गौरव, उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, अपर समाहर्ता सुधीर कु गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी गुमला मनोज कुमार, सभी विभागीय प्रशिक्षक एवं खिलाड़ियों ने अनीत और उनके प्रशिक्षक आलोक सिंह को बधाई दी।

### नीरू शांति भगत ने जताया शोक

**लोहरदगा।** सलगी पंचायत के पूर्व सरपंच मोतीचंद्र यादव के आकस्मिक निधन की सूचना प्राप्त होते ही आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी सह पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंची। मृतक के निवास (सलगी, रोचो गांव) पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिली एवं श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि एक अभिभावक के तौर पर इनका हमेशा मार्गदर्शन मिलता था।

### विद्या मंदिर के कमलेश ने जीता कांस्य

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के छात्र कमलेश उरांव ने विद्या भारती का प्रतिनिधित्व करते हुए लंबी कूद में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीतकर देश में विद्या भारती का मान बढ़ाया। 67वां राष्ट्रीय विद्यालय खेल एथलेटिक्स प्रतियोगिता 16 से 20 दिसंबर उत्तर प्रदेश के लखनऊ में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट कॉलेज में आयोजित हो रही है, जिसमें पूरे देश से चयनित 44 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कक्षा षष्ठ के छात्र भैया कमलेश ने इस उपलब्धि द्वारा विद्या भारती (झारखंड प्रांत) का नाम पूरे देश में रौशन किया। इस उपलब्धि पर विद्या भारती झारखंड परिवार, लोहरदगा संकुल के सभी प्रधानाचार्य एवं विद्यालय के अभिभावकों ने शुभकामना देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य कामना की है।

### छात्र संघ का चुनाव शीघ्र हो : छात्र संघ आजसू

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय छात्र संघ (आजसू) के अध्यक्ष आयुष कुमार मेहता ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को मांग पत्र सौंप कर छात्र संघ के चुनाव जल्द करने की मांग की है। लोहरदगा बीएस कॉलेज पहुंचे कुलपति का स्वागत करने के पश्चात ज्ञापन सौंपते हुए आजसू छात्र संघ ने मांग की है कि पिछले लगभग 5 वर्षों से छात्र संघ का चुनाव नहीं हुआ है, इसलिए इस शैक्षणिक सत्र में छात्र संघ का चुनाव कराया जाये।

### काकोरी कांड के शहीदों को मासस ने दी श्रद्धांजलि

**कतरास।** मंगलवार को काकोरी कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए मासस कार्यालय कतरास से एक रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व मास्टर्स नेता हालदार महत्व द्वारा किया जा रहा था मौके पर उन्होंने पत्रकारों को बताया कि देश की आजादी में काकोरी कांड इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। रामप्रसाद बिस्मिल, असाफातुल्लाह खां ,राजेंद्र नाथ लाहिरी, गौतम सिंह देश के चार महान क्रांतिकारियों को ब्रिटिश शासन के द्वारा फांसी पर चढ़ा दिया गया था। देश के महान क्रांतिकारी भगत सिंह और राजगुरु के द्वारा इन्हीं लोगों के विरासत को आगे बढ़ाया गया था।

# शिविरों में लोगों की भीड़ से आभास हो रहा है कार्यक्रम धरातल पर उतर रहा: बादल पत्रलेख

- गुमला सदर प्रखंड के कसीरा पंचायत के छापर टोली में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन





खबर मन्त्र टोली

**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के कसीरा पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय छापर टोली परिसर में आयोजित जिला स्तरीय आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य के लोगों को योजनाओं का लाभ देने का कवायद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविरों में लोगों की भीड़ से आभास हो रहा है कि कार्यक्रम धरातल पर उतर रही है। राज्य के लोगों ने जो सपना दिशुम अबवा राज्य का देखा था वह गठबंधन सरकार में पूरा हो रहा है और जो कम 19 वर्ष में नहीं हुआ ओ अब हो रहा है।

**मुख्यमंत्री का किया गया स्वागत :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हेलीकाप्टर से कार्यक्रम स्थल पहुंचे थे। हैलीपैड में मुख्यमंत्री के उतरते ही उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, एसपी हरविंदर सिंह, डीडीसी हेमंत सती, विधायक भूषण तिर्की, विधायक जिग्गा सुसारन होरो आदि ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। वहीं पुलिस जवानों ने मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक दल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और परिघाते हुए मंच तक पहुंचाया। जहां मुख्यमंत्री ने लोगों का हाथ उठाकर अभिवादन किया।

**कार्यक्रम में ये थे मौजूद :** मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, गुमला विधायक भूषण तिर्की, सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, आरक्षी अधीक्षक हरविंदर सिंह, डीडीसी हेमंत सती, जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, डीएफओ बेलाल अनवर अहम, अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता, डीएसई वसीम अहमद सहित जिले के कई अधिकारी उपस्थित थे।

### हेमंत सोरेन ने प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया : किरण

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंची जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने कहा कि हेमंत सोरेन कार्यक्रम में प्रोटोकोल का पालन नहीं किया गया। सरकारी कार्यक्रम के स्थान पर पूरे कार्यक्रम को जेएमएम का बना दिया गया। पूरे कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को उपेक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जिला परिषद का पद श्रेष्ठ है लेकिन सम्मान नहीं दिया गया। जिला परिषद के उपाध्यक्ष भी इसी क्षेत्र की है। जिन्हें आमंत्रित नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों की उपेक्षा का मुख्यमंत्री को खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का मसीहा बनने वाले हेमंत सोरेन बहुत बड़ा ढोंगी हैं।

### राज्य में हेमंत सरकार ने कर दी है विकास की बौछार : सत्यानंद भोक्ता



श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि राज्य में सरकार बनने के बाद यह संकल्प पूरा किया गयस कि ग्रामीण जिला व प्रखंड कार्यालय नहीं जायेंगे। क्योंकि सरकार ने उनके घर पहुंचकर शिविर लगाकर उन्हें योजना का लाभ दे रही है। श्री भोक्ता ने कहा कि राज्य बने 23 वर्ष पूरे हो गये लेकिन जो बदलाव होना था वह नहीं हो पाया। वर्तमान महागठबंधन की सरकार राज्य वासियों के उम्मीदों को पूरा करने में जुटी है। अपने कार्यकाल में हेमंत सोरेन सरकार ने विकास का बौछार कर दिया है। राज्य के युवाओं को भी रोजगार से जोड़ा जा रहा है। चार प्रमंडल के 50 हजार युवाओं को अब तक सरकार नौकरी दे चुकी है। इसके अलावे कार्यक्रम को विधायक भूषण तिर्की, विधायक जिग्गा सुसारन होरो, डीसी कर्ण सत्यार्थी ने संबोधित किया।

### विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र का वितरण

शिविर में विभिन्न पेंशन योजना के तहत 92225 लाभुकों को स्वीकृति पत्र, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 25, 332 किशोरियों को लाभ, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत 3804 लाभुकों को स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री पशुधन विकाए योजना के तहत 1050 लाभुकों को स्वीकृति पत्र, सामुदायिक वन पट्टा के 95.14 (एकड़) भूमि व साईकिल वितरण योजना के तहत 500 साईकिल का वितरण समेत अन्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिया गया। साथ ही नौ सिंचाई योजना का 242 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण होगा। जिसे 25 हजार एकड़ भूमि सिंचित करने का लक्ष्य है। वहीं गुमला जिला में 625 करोड़ रुपए की लागत से 800 कि.मी. ग्रामीण सड़क एवं पथ निर्माण विभाग के तहत 300 करोड़ रुपए की लागत से 200 कि.मी. सड़क का निर्माण किया जायेगा।

# चैनपुर में लगे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में गुमला से लाइव मुखातिब हुए सीएम हेमंत

- चैनपुर के लाभुकों से लिया योजनाओं की जानकारी
- छात्राओं ने कहा मिल रहा है योजना का लाभ



चैनपुर में शिविर के लोगों से बातचीत करते मुख्यमंत्री।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** प्रखंड के बेंदोरा पंचायत भवन के समीप मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी तादाद में लोग अपना अपना आवेदन लेकर पहुंचे।

इस दौरान गुमला में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बेंदोरा पंचायत के मुखिया व ग्रामीणों से सीधे रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को मिल रहे योजनाओं के लाभ के बारे में पूरी जानकारी ले। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए छात्र-छात्राओं व आम जनों से भी बात किया और उनसे योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए लाभ लेने की अपील की।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के द्वारा सीधे ग्रामीणों से बात करने पर ग्रामीणों में एक अलग खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सरकार आपके द्वारा जैसे कार्यक्रम चल रहे हैं वो स्वयं ग्रामीणों से रूबरू होकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील कर रहे हैं। जिससे हमें काफी खुशी मिली।

कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिए काफी संख्या में आवेदन मिले। कड़ाके की ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण भी किया गया मौके पर उपस्थित चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह ने लोगों को योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इधर, मुखिया सुशील दीपक मिंज ने मुख्यमंत्री के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बात करने पर उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सीधे ग्रामीणों से रूबरू हुए जिससे ग्रामीण काफी खुशी महसूस कर रहे हैं।

# आतंकी साजिश में गिरफ्तार शहबाज को एनआइए ने कोर्ट में पेशी कर रांची गयी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एनआइए की टीम ने दो दिन पूर्व जुगसलाई से छापामारी कर गिरफ्तार मोहम्मद शहबाज को आज दोपहर जमशेदपुर कोर्ट में पेश करने के पश्चात अपने साथ रांची लेती गई।

कोर्ट में पेशी से पूर्व एमजीएम अस्पताल में गिरफ्तार युवक का मेडिकल चेक अप भी कराया गया। मो शहबाज से एनआइटी की टीम कल दिन भर सर्किट हाउस में पूछताछ के बाद रात 11 बजे बिष्टुपुर थाने के हाजत में रखा और सुबह उसे पुनः सर्किट हाउस लेती गई। वैसे मो शहबाज के साथ उसके दोस्त मोहम्मद पठान को भी एनआइए की टीम ने हिरासत में लिया था



जमशेदपुर कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया जाता मोहम्मद शहबाज।

किन्तु पूछताछ कर उसे छोड़ दिया गया। एनआइए की टीम ने झारखंड समेत विभिन्न राज्यों में आइएसआइएस मॉडयूल से जुड़े युवकों को गिरफ्तार करने के लिए एक साथ छापेमारी की थी। झारखंड में यह छापेमारी जमशेदपुर और बोकारों में की गई थी। जमशेदपुर आये एनआइए के अधिकारियों ने गिरफ्तारी के संबंध में कुछ भी बताने से इंकार किया।

# चासनाला कोलियरी में मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता



**चासनाला।** सेल चासनाला कोलियरी के डिप माइन खदान के बत्ती घर में सिंडिकेट ठेकेदार और मजदूरों में झड़प हो गई। मारपीट के बाद कोलियरी क्षेत्र में तनाव का माहौल हैं, ठेका मजदूरों की पिटाई से मजदूरो मे आक्रोश है। बताते चलें की ठेका मजदूर कई सूत्रों मांग की लेकर मजदूर प्रथम पाली में कार्य बंद किए हुए थे। कुछ मजदूर यूनियन मजदूरों द्वारा बंदी का समर्थन कर रहे थे, कुछ यूनियन बंदी के विरोध में थे । मजदूरों ने बताया की द्वितीय पाली में सेल कर्मी उपेन्द्र पांडे , सिंडिकेट ठेकेदार समर्थक ब्रजेश पांडेय, शैलेंद्र पांडे के साथ आए और बत्ती घर में ही मजदूरों के साथ मारपीट शुरू कर दिए। जिससे मजदूरों में डर का माहौल हैं । सूत्रों ने बताया की ठेकेदार समर्थक की भी जमकर कुटाई हुई हैं , बाद में बत्ती घर में छुपकर उन्होंने अपनी जान बचाई। मारपीट, झड़प की खबर पाकर स्थानीय पुलिस पहुची और मामले को शांत कराया। इस घटना के बाद से सिंडिकेट ठेकेदार काम बंद किए हुए हैं ।सेल प्रबंधन का बात कोई सुन नही रहा हैं। मजदूरों की पिटाई पर झारखंड कांग्रेस प्रदेश नेता शमशेर आलम, आरसीएमयू इंटक नेता बमभोली सिंह ,जनता श्रमिक संघ के अध्यक्ष साजन सिंह , सचिव राजकुमार सिंह ने घटना पर दुःख प्रकट किया और विरोध जताया। उपेन्द्र पांडे पर विभागीय जांच की मांग की है।

### चिरकुंडा मां ने बच्चे पर हंसुआ से किया घायल

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के झरियापाड़ा में एक मां ने अपने बच्चे पर हंसुआ से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया लेकिन उसकी चाची के आ जाने के कारन वह बच्चा बच गया। बच्चा अभी जीवन और मौत के बीच जूझ रहा है। चिरकुंडा थाने की पुलिस ने बच्चे की मां को गिरफ्तार कर ली है।वहीं घायल बच्चे का इलाज आसनसोल के एमएल अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात कृष्णा यादव की पत्नी मुन्नी देवी अचानक अपने डेढ़ साल के बच्चे अंकुश यादव को उसके चेहरे एवं गले पर धारदार सहथियार से हमला कर दिया। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमला करते वक्त बच्चें के चाची की नजर पड़ी और वह झपट्टा मार कर बच्चे को उससे छुड़ा लिया नही तो बच्चें की जान चली जाती। इस संबंध में स्थानिय लोगों के अनुसार सोमवार की रात उसको जान से मार देने का प्रयास करने लगी। लोगों ने यह भी बताया कि महिला मानसिक रूप से पीड़ित है व गूंगी है।

### बियाडा ऑफिसर्स कॉलोनी का चुनाव संपन्न

**बोकारो।** लोहांचल कॉलोनी के निकट स्थित गवर्नमेंट ऑफिसर्स कॉलोनी बियाडा के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। सेवानिवृत्त डीआईजी जेके सिंह सोसायटी के अध्यक्ष सेवानिवृत्त सिविल सर्जन डॉ प्रमोद कुमार उपाध्यक्ष तथा सेवानिवृत्त बीएसएल एक्जीक्यूटिव बीके सिंह सचिव पद के लिए चयनित किये गए। चुनाव के दौरान 48 मतदाताओं में से 34 ने मतदान किया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को डा कुमुदिनी शरण अनिल गुप्ता प्रभात कुमार सिंह डॉ डी के गुप्ता डॉ प्रियदर्शी जरुहार सहित अन्य सदस्यों ने बधाई दी।

### थानेदार पर गोली चलाने वाला नक्सली गिरफ्तार

**रांची/गढ़वा।** मुठभेड़ के दौरान थाना प्रभारी पर गोली चलाने वाले नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली के पास से पुलिस ने एके-47, इंसास मैगजीन, वॉकी-टॉकी समेत भारी मात्रा में अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया है। गिरफ्तार नक्सली शिवपूजन मुंडा गढ़वा के रामकंडा के इलाके का रहने वाला है। गिरफ्तार नक्सली शिवपूजन मुंडा जेजेएमपी के टॉप कमांडर में से एक है। दरअसल, सोमवार की अहले सुबह गढ़वा पुलिस ने झारखंड जन्म मुक्ति परिषद जेजेएमपी के खिलाफ सर्च अभियान शुरू किया था। सर्च अभियान के क्रम में पुलिस एवं झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेजेमपी) के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसी मुठभेड़ में रंका के थाना प्रभारी को गोली लगी थी। बाद में थाना प्रभारी कोई इलाज के लिए रांची के मेडिका में भर्ती करवाया गया। घटना के बाद गढ़वा पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ा सर्च अभियान शुरू किया था इसी सर्च अभियान में नक्सली कमांडर शिवपूजन मुंडा पकड़ा गया। शिवपूजन मुंडा के निशानदेही पर पुलिस ने एके-47 और इंसास की मैगजीन समेत भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद किया है। शिवपूजन मुंडा ने गढ़वा पुलिस को कई बड़ी जानकारी दी है, जिसके बाद इलाके में फिर से एक बड़े अभियान की शुरूआत की गई है। शिवपूजन मुंडा की गिरफ्तारी को लेकर पलामू के जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा और गढ़वा के एसपी दीपक पांडेय ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि सर्च अभियान के क्रम में शिवपूजन मुंडा को गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार नक्सली ने पुलिस को कई अहम जानकारी दी है।

### एमजीएम जीवित युवक को मृत घोषित कर दिया

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में एक जीवित युवक अपनी ही मौत का प्रमाण पत्र लेकर घूम रहा है और अपने जिंदा होने की बात विभागीय अधिकारियों को बता रहा है। जीते जी एक युवक को कागजों पर मरा हुआ घोषित कर दिया गया। दरअसल, यह चौंकाने वाला मामला डिमना बस्ती क्षेत्र के उलीडीह अंतर्गत नवीन कॉलोनी निवासी संदीप तंतुबाई नामक 23 वर्षीय युवक के साथ हुई है। एमजीएम में पिछले महीने सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 52 वर्षीय गणेश तंतुबाई का देहांत हो गया था। एमजीएम अस्पताल की ओर से युवक के दिवंगत पिता गणेश तंतुबाई के स्थान पर उसके पुत्र संदीप तंतुबाई को मृत घोषित कर दिया गया है। डेथ सर्टिफिकेट में उम्र भी 23 वर्ष लिखी गयी है। सुधार करने एवं अपने दिवंगत पिता के डेथ सर्टिफिकेट बनाने को लेकर वो पिछले 1 महीने से अपनी डेथ सर्टिफिकेट लेकर अस्पताल के चक्कर लगा रहा है। एक ओर जहां मामला संज्ञान में आने के बाद चर्चा का विषय बना हुआ है, तो वहीं, सवाल उठने लगा है कि आखिर एक जिंदा युवक को मृत कैसे घोषित कर दिया गया है। मामले की जानकारी मिलने पर भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने अस्पताल के उदासीनता और लापरवाही पर सवाल उठाये। मंगलवार को सोशल मीडिया के एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि एमजीएम अस्पताल की ऐसी हालत हो गई है कि यहां कोई व्यक्ति इलाज कराने जाए तो अस्पताल की बदहाल व्यवस्था से मृत अवस्था में चला जाता है। लेकिन अब जिंदा व्यक्ति को भी आधिकारिक रूप से मृत घोषित कर देना दशार्ता है कि अस्पताल का सिस्टम पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। एक महीने से अपने दिवंगत पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए अस्पताल के चक्कर लगा रहे युवक की गुहार कोई अधिकारी नही सुन रहे हैं। यह उदासीनता और संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल व्यवस्था की ऐसी दुर्गति पहले कभी देखी नही गयी। कुणाल षाड़ंगी ने स्वास्थ्य मंत्री एवं जिला उपायुक्त से इस मामले की उच्चस्तरीय जांच करने एवं जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

# छात्रों का हौसला बढ़ाने जमशेदपुर पहुंचे मुकेश खन्ना

### क्वांटम के विजेता छात्र-छात्राओं को किया संबोधित

खबर मन्त्र ब्यूरो




मुकेश खन्ना को स्मृति चिन्ह प्रदान करते बायें से रमा श्रीनिवास, निदेशक संजय सिंह, अविनाश सिंह राजा, एसडीओ पारुल सिंह व निदेशक सिंह व पुष्पा भल्ला।

**जमशेदपुर।** शेन इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में वार्षिकोत्सव क्वांटम 2023 का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में टीवी और फिल्म जगत के मशहूर अभिनेता मुकेश खन्ना उपस्थित थे। सम्मानित अतिथियों में सरायकेला-खरसावां की एसडीओ पारुल सिंह तथा विद्यालय के चेयरमैन अविनाश सिंह राजा, डायरेक्टर संजय सिंह, प्रधानाध्यापिका (एकेडमिक) रमा श्रीनिवास, प्रधानाध्यापिका (प्रशासनिक) पुष्पा भल्ला, उप प्राचार्यक केया अदक और मुख्य अध्यापिका सिमरन सग्गू मौजूद थे। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल के सभी बच्चों ने रंग-बिरंगे पोशाकों में नृत्य, संगीत के आकर्षण प्रस्तुतिकरण से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने हिंदी और अंग्रेजी में भावपूर्ण नाटक की भी आकर्षक प्रस्तुति की। इस नृत्य, संगीत, लाईट, साउंड पर सभी थिरकते बच्चों ने खूब तालियां बटोरी। इस समारोह में काफी संख्या में अभिभावकगण भी मौजूद थे, और इस कार्यक्रम से आंनदित हुए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका (एकेडमिक) रमा श्रीनिवास ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, और विद्यालय में उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों को विद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उनके शैक्षणिक और सह शैक्षणिक क्रियाकलापों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि एक्टर मुकेश खन्ना ने अपने संबोधन में कहा की इस विद्यालय ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक बेहतर माहौल स्थापित किया है जो आज के समय में बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बेहद जरुरी है। उन्होंने बच्चों के प्रस्तुतिकरण की प्रशंसा करते हुए विद्यालय को इसका श्रेय प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की अहम भूमिका रही।

# तूफानी बल्लेबाजी में माहिर हैं झारखंड के नये धोनी, पंत ने कुशाग्र को दिये 7.2 करोड़

एजेंसी




**रांची।** आइपीएल 2024 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में कुमार कुशाग्र को मोटी रकम मिली है। दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें 7.2 करोड़ की मोटी कीमत पर अपने साथ जोड़ा। 20 लाख बेस प्राइस वाले कुशाग्र को 36 गुना ज्यादा कीमत मिली और मिनी ऑक्शन में ही वह मालामाल हो गए। हालांकि, कुशाग्र को यह रकम किस्मत से नहीं मिली है। इसके लिए उन्होंने कई वर्षों तक मेहनत की है और घरेलू स्तर पर कई बार खुद को साबित किया है। वह धोनी की तरह विकेटकीपर बल्लेबाज हैं और अंत के ओवरों में उन्हीं की तरह विस्फोटक बल्लेबाजी करने में माहिर हैं। दिल्ली की टीम को एक अच्छे मैच फिनिशर की जरूरत थी। इसी वजह से दिल्ली के लिए नीलामी टेबल पर बैठे ऋषभ पंत ने उन पर इतनी मोटी रकम खर्च की है। झारखंड के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज कुशाग्र पर नीलामी से पहले ही कई टीमों की नजर थी। उन्होंने झारखंड के लिए कई तूफानी पारियां खेली हैं। विजय हजारे ट्रॉफी में उनकी ऐसी ही एक पारी निर्णायक साबित हुई। महाराष्ट्र के खिलाफ 355 रनों का पीछा करते हुए कुशाग्र झारखंड के लिए छठे नंबर पर आए और 37 गेंदों में चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 67 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। उस दिन उपस्थित कई स्काउट्स उनकी तूफानी बल्लेबाजी से प्रभावित हुए थे। इसी पारी की वजह से नीलामी में वह करोड़पति बने हैं। क्योंकि, उनकी इस शानदार पारी के बाद ही ऑक्शन हुआ और वह करोड़पति बन गए। ईशान किशन की अनुपस्थिति में कुशाग्र समय के साथ झारखंड के मुख्य विकेटकीपर बन गए हैं। ईशान राष्ट्रीय टीम के साथ ज्यादातर समय रहते हैं। दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स दोनों ही एक सक्षम भारतीय विकेटकीपर की तलाश में हैं, ऐसे में कुशाग्र पर बड़ी बोली लगना तय था। नीलामी में भी ऐसा ही हुआ, शुरूआत में चेन्नई और गुजरात ने उन पर दांव लगाया, लेकिन उनकी कीमत 70 लाख तक पहुंचने के बाद दिल्ली की टीम रेस में शामिल हुई। अंत में दिल्ली ने 7.2 करोड़ रुपये देकर उन्हें अपने साथ जोड़ा। ऋषभ पंत और अभिषेक पोरेल के बाद वह टीम में तीसरे विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। हालांकि, इस टीम ने रिकी भुई और दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स को भी अपने साथ जोड़ा है।




## आइपीएल की नीलामी के इतिहास में स्टार्क सबसे महंगे खिलाड़ी बन, 24.75 करोड़ रुपए में बिके

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने आइपीएल नीलामी के इतिहास में अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गये है उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा है। स्टार्क आठ साल के अंतराल के बाद आइपीएल में वापसी करेंगे। वह चोटों सहित विभिन्न कारणों से टूनार्मेंट से अनुपस्थित रहे। वर्ष 2018 में केकेआर ने उन्हें 9.40 करोड़ रुपये में साइन किया, लेकिन चोट के कारण वह उपलब्ध नहीं हो सके थे। उन्होंने इससे पहले 2015 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए आईपीएल खेला था। उस सत्र के दौरान उन्होंने 13 मैचों में 14.55 की औसत और 6.76 की इकॉनमी रेट के साथ 20 विकेट लिए थे।

## कमिंस 20.50 करोड़ रुपये, हर्षल पटेल 11.75 करोड़ रुपए में बिके



**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया को एकदिवसीय विश्वकप जीतने वाले कप्तान पैट कमिंस को इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) की नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपये में और पंजाब किंग्स ने भारतीय ऑलराउंडर हर्षल पटेल को 11 करोड़ 75 लाख रुपये में खरीदा है। मंगलवार को शुरू हुई नीलामी में आइपीएल की टीमों ने बढ़चढ़ कर बोली लगाई। राजस्थान रॉयल्स ने वेस्टइंडीज के बल्लेबाज रोवमन पॉवेल सात करोड़ 40 लाख रुपये में खरीदा। सनराइजर्स हैदराबाद ने ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड छह करोड़ 80 लाख में खरीदा है। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी को मुंबई इंडियंस ने पांच करोड़ रुपये में खरीदकर टीम में किया शामिल। भारतीय अनुभवी खिलाड़ी शार्दुल ठाकुर चेन्नई सुपर किंग्स ने चार करोड़ रुपये देकर अपने साथ जोड़ा है। टीम ने न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र को 1.8 करोड़ में खरीदा है। इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक को दिल्ली कैपिटल्स ने चार करोड़ रुपये में खरीदा है। श्रीलंका के ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा को सनराइजर्स हैदराबाद ने 1.5 करोड़ रुपये टीम में किया शामिल है।

## झारखंड के कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल्स, रॉबिन व सुशांत को गुजरात बनाया करोड़पति


सुशांत मिश्रा। रॉबिन मिंज।

**रांची।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2024 के मिनी ऑक्शन में झारखंड के तीन खिलाड़ी करोड़पति बने। पहली बार देश के बाहर दुबई में हो रहे ऑक्शन में कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल्स, रॉबिन मिंज और सुशांत मिश्रा को गुजरात टाइटंस ने खरीदा। आइपीएल के 17वें संस्करण के लिए खिलाड़ियों की नीलामी दुबई में हुई। वहीं युवा अनकैप्ड खिलाड़ी रांची के सुशांत मिश्रा को गुजरात टाइटंस ने करोड़पति बना दिया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सुशांत मिश्रा को 20 लाख बेस प्राइज से 2 करोड़ 20 लाख रुपये बोली लगाकर गुजरात टाइटंस अपनी टीम में शामिल किया। सुशांत मिश्रा दक्षिण पूर्व रेलवे में कार्यरत हैं। रॉबिन ने आइपीएल में चुने जाने पर खुशी जाहिर की। रॉबिन ने बताया की वो ऑक्शन नहीं देख रहे थे।

## खत्म हुआ आइपीएल ऑक्शन

**दुबई।** आइपीएल 2024 की नीलामी खत्म हो गई है। दुबई में 332 खिलाड़ियों पर बोली लगी। 10 टीमों ने कुल 72 खिलाड़ियों को खरीदा। आइपीएल नीलामी के बाद सभी टीमें कैसी दिख रही हैं। राजस्थान के पास सबसे कम 22 खिलाड़ी हैं। वहीं केकेआर की टीम में 23 ही खिलाड़ी हैं। अन्य सभी 8 टीमों के पास 25-25 खिलाड़ी हैं।




## आइपीएल 2024 में प्रति ओवर दो बाउंसर की अनुमति

दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में इस बार गेंदबाजो को प्रति ओवर दो बाउंसर डालने की अनुमति होगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार प्रति ओवर दो बाउंसर के इस बदलाव का परीक्षण भारत की घरेलू टी-20 टूनार्मेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान किया गया था।

## फीफा प्लस पर फुटबॉल विश्वकप कतर 2022 की फिल्म

**ज्यूरिख।** फीफा प्लस पर फुटबॉल विश्वकप कतर 2022 में महानतम खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी लेकर तैयार की गई फिल्म का पहला संस्करण रिलीज किया गया है। फीफा विश्वकप कतर 2022 के एक वर्ष बाद रिलीज हो रही यह फिल्म ऐसी 32 टीमों की कहानी है जिसमें अर्जेंटीना को विश्वकप जीतने वाले और खेल के इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में से एक लियोनेल मेस्सी भी शामिल हैं। इसके जरिए अर्जेंटीना के अब तक खेले गए सबसे अविस्मरणीय फुटबॉल मैचों को इसमें संजोया गया है। इस विश्वकप 172 गोल दागे गये। जिसे पांच अरब लोगों ने देखा। यह डॉक्यूमेंट्री दर्शकों को मैचों के पर्दे के पीछे ले जाती है। पहले अनदेखे कैमरे के कोण से सभी गतिविधियों को दिखाती है और दुनिया भर में देख रहे प्रशंसकों के परिप्रेक्ष्य के जरिए टूनार्मेंट की विशाल वैश्विक अपील को दिखाती है।

## पाकिस्तान ने टी-20 टीम की घोषणा की

**कराची।** पाकिस्तान ने जनवरी की शुरुआत में न्यूजीलैंड के साथ होने वाली टी-20 श्रृंखला के लिए शाहीन अफरीदी की अगुवाई में 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज ने 12 जनवरी से शुरू होने वाली इस श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा करते हुए कहा, ह्लशादाब खान पाकिस्तान टी-20 क्रिकेट के बहुत महत्वपूर्ण सदस्य हैं। दुर्भाग्य से उन्हें राष्ट्रीय टी-20 के दौरान टखने में चोट लग गई और उन्हें दो सप्ताह के स्वास्थ्य लाभ की आवश्यकता है। उसके बाद वह गेंदबाजी के लिए उपलब्ध होंगे।

## सौरव की तिकड़ी से वायुसेना ने गढ़वाल को हराया

**नयी दिल्ली।** प्रीमियर फुटबाल लीग में मंगलवार को अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में भारतीय वायुसेना ने गढ़वाल हीरोज फुटबाल क्लब को 3-0 से हराया। मंगलवार को खेले गये मुकाबले में खराब फार्म में चल रही वायुसेना की जीत का हीरो सौरभ साधुखान ने तीन गोल दागकर गढ़वाल की उम्मीद पर पानी फेर दिया। सभी गोलों में रक्षापंक्ति के खिलाड़ी आशिक रहमान के रक्षण भेदी पास का योगदान रहा।

## वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के होने वाले आखिर दो टी-20 मैचों के लिए टीम की घोषणा की

**एंटीगुआ।** वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के साथ होने वाले आखिरी दो टी-20 मैच के लिए अल्जारी जोसेफ को आराम दिया है तथा शिमरोन हेटमायर को टीम से बाहर कर दिया है। हेटमायर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टी-20 में एक और दो रन बनाये और वह फॉर्म को लेकर संघर्ष करते देखे गये। उनकी जगह अगस्त में भारत में टी-20 खेलने वाले जॉनसन चार्ल्स को टीम में शामिल किया है।

# डी जॉर्जी का शतक, टीम इंडिया ने 8 विकेट से गंवाया दूसरा वनडे, सीरीज आई 1-1 पर

एजेंसी

**केबरहा।** दक्षिण अफ्रीका ने वापसी करते हुए गकेबरहा के सेंट जॉर्ज पार्क में भारतीय टीम को 8 विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। भारतीय टीम मंगलवार को अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने से चूक गई। टीम के स्टार प्लेयर दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों के आगे टिक नहीं पाए और महज 211 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। अफ्रीका के सामने 212 रन का लक्ष्य था जो उन्होंने एकमात्र रिजा हेंडरिक्स (52) का विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। अफ्रीका की ओर से टोनी डी जॉर्जी शतक लगाने में सफल रहे तो वहीं, रासी ने भी महत्वपूर्ण पारी खेली। भारतीय टीम का आगामी मुकाबला अब 21 दिसंबर को होगा।टीम इंडिया की शुरूआत खराब रही थी। पहली ही गेंद पर चौका लगाकर शुरूआत करने वाले ऋतुराज गायकवाड़ दूसरी ही गेंद पर जेराल्ड की गेंद पर पगबाधा आऊट हो गए। इसके बाद तिलक वर्मा भी 10 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। टीम इंडिया को तब साईं सुदर्शन और कप्तान केएल राहुल का सहारा मिला। दोनों ने स्कोर 100 से पार लगाया। सुदर्शन जिन्होंने पहले वनडे में भी अर्धशतक जड़ा था, ने 83 गेंदों पर 7 चौके और एक छक्के की मदद से 62 रन बनाए।टीम में लंबे समय के बाद संजू सैमसन और रिंकू सिंह की एंट्री हुई थी लेकिन दोनों



प्रभावित करने से चूक गए। सैमसन जहां 23 गेंदों पर 12 रन बनाकर आऊट हो गए तो वहीं, रिंकू सिंह ने 14 गेंदों पर मत्र 17 रन ही बनाए। लगातार गिरते विकेटों के बीच केएल राहुल भी 64 गेंदों पर 56रन बनाकर आऊट हो गए। टीम इंडिया का निचला क्रम फेल साबित हुआ। ऑलराऊंडर अक्षर पटेल 23 गेंदों पर 7 रन बनाकर आऊट हो गए जबकि कुलदीप यादव ने 5 गेंदों पर केवल एक रन बनाया।अंत में अर्शदीप ने कुछ अच्छे शॉट लगाए और 17 गेंदों पर 18 रन बनाकर स्कोर 200 पार करवाया। इसके बाद आवेश खान और मुकेश खान ने कुछ शॉट लगाकर स्कोर 211 तक पहुंचा दिया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से जेराल्ड ने तीन, लिजार्ड विलियम्स ने 1, हैंडरिक्स ने 34 रन देकर 3, केशव महाराज ने 51 रन देकर 2 तो कप्तान मार्कराम ने 28 रन देकर एक विकेट लिया। टीम इंडिया की आखिरी विकेट आवेश खान के रूप में गिरी तब तक स्कोर 211 हो गया था।जवाब में खेलने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम को ओपनर रिजा हेंडरिक्स और टोनी डी जॉर्जी ने बढ़िया शुरूआत दी। पहले वनडे में पांच विकेट चटकाने वाले अर्शदीप ने किफायती गेंदबाजी की लेकिन वह केवल हेंडरिक्स को ही आऊट कर पाए। हेंडरिक्स ने भी आऊट होने से पहले 81 गेंदों पर सात विकेटों के नुकसान पर 52 रन बनाए। उनकी जब विकेट गिरी तब तक दक्षिण अफ्रीका 27.5 ओवर में 130 तक पहुंच चुका था। इसके बाद टोनी डी जॉर्जी ने मोर्चा संभाल लिया।डी जॉर्जी ने 5 छक्कों के साथ अपने वनडे करियर का पहला शतक पूरा किया। यह जॉर्जी का महज चौथा मैच है। उन्हें रासी वेन दूसें को भरपूर साथ मिला जिन्होंने 51 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 36 रन बनाए। उन्हें रिंकू सिंह ने आऊट किया। यह रिंकू का वनडे करियर का पहला विकेट था। राहुल ने जीत से दूर होता देख भारतीय टीम में तिलक वर्मा, रिंकू सिंह और साईं सुदर्शन को भी ओवर दिए लेकिन टीम के हाथ जीत नहीं लग पाई।

## मास्टर स्नूकर में शुभम गुप्ता चैंपियन बना



**रांची।** पांच दिवसीय (15 दिसंबर -19 दिसंबर) 16 वां स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप के मास्टर स्नूकर में शुभम गुप्ता चैंपियन बने। यह जानकारी मोहम्मद हुसैन ने दी। उन्होंने बताया कि बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में चल रहे प्रतियोगिता में मंगलवार को-टीपू, डॉ स्नेहांशु, चाहत राज, संजीत कुजूर, आयुष, शशांक शर्मा समेत अन्य खिलाड़ियों ने अपने मैच जीते।

## आइपीएल 2024 ऑक्शन सोल्ड अनसोल्ड खिलाड़ियों की सूची

- मिशेल स्टार्क को 24.75 करोड़ में केकेआर ने खरीदा
- पेट कमिंस को हैदराबाद ने 20.50 करोड़ में खरीदा
- डेरिल मिशेल को सीएसके ने 14 करोड़ में खरीदा
- हर्षल पटेल को पंजाब किंग्स ने 11.75 करोड़ में खरीदा
- अल्जारी जोसेफ 11.50 करोड़ में बिके, आरसीबी ने खरीदा
- समीर रिजवी को सीएसके ने 8.40 करोड़ में खरीदा
- शाहरुख खान को गुजरात टाइटंस ने 7.40 करोड़ में खरीदा
- रोवमैन पॉवेल को राजस्थान ने 7.40 करोड़ में खरीदा
- कुमार कुशाग्र को दिल्ली ने 7.20 करोड़ में खरीदा
- ट्रैविस हेड पर हैदराबाद ने लगाई 6.80 करोड़ की बोली
- शिवम मावी को लखनऊ ने 6.40 करोड़ में खरीदा
- उमेश यादव को गुजरात टाइटंस ने 5.80 करोड़ में खरीदा
- शिवम दूबे को राजस्थान ने 5.80 करोड़ में खरीदा
- जेराल्ड कोएत्जी को मुंबई इंडियंस ने 5 करोड़ में खरीदा
- यश दयाल को 5 करोड़ में आरसीबी ने खरीदा
- दिलशान मदुशंका को मुंबई ने 4.60 करोड़ में खरीदा
- क्रिस वोक्स को पंजाब किंग्स ने 4.20 करोड़ में खरीदा
- शार्दुल ठाकुर को सीएसके ने 4 करोड़ में खरीदा
- हैरी ब्रुक को 4 करोड़ में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा
- सुशांत मिश्रा 2.2 करोड़ में गुजरात टीम में शामिल
- रचिन रविंद्र को सीएसके ने 1.80 करोड़ में खरीदा
- जयदेव उनादकट 1.60 करोड़ में हैदराबाद टीम में शामिल
- वानिंदु हसरंगा को हैदराबाद ने 1.50 करोड़ में खरीदा
- शेरफेन रदरफोर्ड को केकेआर ने 1.50 करोड़ में खरीदा
- टॉम कुरेन 1.50 करोड़ में आरसीबी में शामिल
- एश्टन टर्नर 1 करोड़ में लखनऊ टीम में शामिल
- कार्तिक त्यागी 60 लाख में गुजरात में शामिल
- अजमतुल्लाह उमरजई 50 लाख में गुजरात टाइटंस में शामिल
- ट्रिस्टन स्टब्स को 50 लाख में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा
- श्रीकर भरत को केकेआर ने 50 लाख में पर खरीदा
- चेतन सकारिया को केकेआर ने 50 लाख में खरीदा
- टॉम कोहलर-कैडमोर 40 लाख में राजस्थान में शामिल
- अर्शिन कुलकर्णी 20 में लखनऊ टीम में
- अंगकृष रघुवंशी को 20 लाख में केकेआर ने खरीदा
- रमनदीप सिंह को 20 लाख में केकेआर ने खरीदा
- आकाश महाराज सिंह 20 लाख में हैदराबाद टीम में शामिल
- रसिख दार सलाम 20 लाख में दिल्ली टीम में शामिल
- मानव सुथार 20 लाख में गुजरात टीम में शामिल
- श्रेयस गोपाल 20 लाख में मुंबई टीम में शामिल
- मणिमारन सिद्धार्थ 20 लाख में लखनऊ टीम में शामिल
- दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज रिले रोसौव नहीं बिके
- करुण नायर नहीं बिके
- स्टीव स्मिथ का किसी ने नहीं लगाई बोली
- मनीष पांडे भी अनसोल्ड रहे (बेस प्राइज 50 लाख)
- फिलिप साल्ट नहीं बिके
- लॉकी फर्ग्यूसन नहीं बिके
- कुसल मेंडिस नहीं बिके
- जोश इंग्लिस नहीं बिके
- लाकी फर्गुसन नहीं बिके
- जोश हेजलवुड नहीं बिके
- आदिल रशीद (बेस प्राइज 2 करोड़ रुपए)
- वकार सलामखिल नहीं बिके
- मुजीब उर रहमान नहीं बिके
- तबरेज शम्सी नहीं बिके
- ईश सोढ़ी नहीं बिके
- अकील होसेन नहीं बिके
- सौरव चौहान नहीं बिके
- रोहन कुन्नूमल नहीं बिके
- मनन वोहरा नहीं बिके
- प्रीयांश आर्या नहीं बिके
- रितिक शौकीन नहीं बिके
- अतीत सेठ नहीं बिके
- अरशद खान नहीं बिके
- विवरांत शर्मा नहीं बिके
- राज बावा नहीं बिके
- सरफराज खान नहीं बिके
- उर्विल पाटिल नहीं बिके
- विष्णु सोलंकी नहीं बिके
- कुलदीप यादव नहीं बिके
- इशान पोरेल नहीं बिके
- शिवा सिंह नहीं बिके
- पुलकित नारंग नहीं बिके
- मुर्गन अश्विन नहीं बिके
- कॉलिन मुनरो नहीं बिके
- रासी वैन डेर डुसेन नहीं बिके
- कैस अहमद नहीं बिके
- माइकल ब्रेसवेल नहीं बिके
- कीमो पॉल नहीं बिके
- ओडियन स्मिथ नहीं बिके
- शाइ होप नहीं बिके
- दुष्मंथा चमीरा नहीं बिके

### किस टीम के पास बचे हैं कितने पैसे

- गुजरात टाइटंस - 38.15 करोड़ रूपए
- सनराइजर्स हैदराबाद - 34 करोड़ रूपए
- कोलकाता नाइट राइडर्स 32.70 करोड़ रुपए
- चेन्नई सुपर किंग्स 31.4 करोड़ रुपए
- पंजाब किंग्स - 29.10 करोड़ रुपए
- दिल्ली कैपिटल्स- 28.95 करोड़ रुपए
- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर - 23.25 करोड़ रुपए
- मुंबई इंडियन्स - 17.75 करोड़ रुपए
- लखनऊ सुपर जायंट्स 13.15 करोड़ रूपए
- राजस्थान रॉयल्स - 14.50 करोड़ रुपए

### स्लॉट

- गुजरात टाइटंस : 8 स्लॉक बचे हैं जिसमें से 2 विदेशी खिलाड़ियों के लिए
- सनराइजर्स हैदराबाद : 6 स्लॉक के लिए बोली लगाएगी जिसमें से 3 विदेशी खिलाड़ियों के लिए है।
- कोलकाता : 12 स्लॉट में से 4 स्लॉट विदेशी प्लेयर्स के लिए
- चेन्नई : 6 स्लॉट बाकी, तीन विदेशी प्लेयर्स के लिए
- पंजाब किंग्स : 8 स्लॉट में से 2 विदेशी प्लेयर्स के लिए हैं।
- दिल्ली : 9 स्लॉट बाकी, चार विदेशी खिलाड़ियों के लिए
- बेंगलोर : 6 स्लॉट बचे हैं जिसमें से 3 विदेशी प्लेयर्स के लिए हैं।
- मुंबई इंडियन्स : 8 स्लॉट के लिए बोली लगाएगी जिसमें 4 विदेशी प्लेयर्स के लिए है।
- लखनऊ : 6 स्लॉक के लिए बोली लगेगी जिसमें से 2 विदेशी खिलाड़ियों के लिए बचे है।
- राजस्थान रॉयल्स : 8 स्लॉट के लिए बोली लगाएगी जिसमें 3 विदेशी प्लेयर्स के लिए है।

### आइपीएल ऑक्शन के सबसे महंगे प्लेयर

- मिशेल स्टार्क : 24.75 करोड़ (गुजरात साल 2023 में)
- पैट कमिंस : 20.50 करोड़ (हैदराबाद साल 2023 में)
- सैम कुरेन : 17.50 करोड़ (मुंबई इंडियंस साल 2023 में)
- बेन स्टोक्स : 16.25 करोड़ (चेन्नई साल 2023 में)
- क्रिस मॉरिस : 16.25 करोड़ (राजस्थान साल 2021 में)
- निकोल्स पूरण : 16.00 करोड़ (लखनऊ साल 2023 में)
- युवराज सिंह :16.00 करोड़ (दिल्ली साल 2015 में)
- पैट कमिंस : 15.50 करोड़ (कोलकाता साल 2020 में)
- ईशान किशन : 15.25 करोड़ (मुंबई इंडियंस साल 2020 में)
- कायल जेमिनसन : 15.00 करोड़ ( बेंगलुरु साल 2020 में)
- बेन स्टोक्स : 14.45 करोड़ (पुणे साल 2020 में)



